# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग

बिहार सरकार

विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in


**पत्रांक:** BRLPS/LSBA/Proj/18/17/277 **दिनांक:** 01/09/2021

प्रेषक,

**राजीव कुमार सिंह,** बि०प्र०से०
प्रशासी पदाधिकारी-सह-राज्य समन्वयक।

सेवा में,

**सभी उप विकास आयुक्त-सह-उपाध्यक्ष,**
जिला जल एवं स्वच्छता समिति, बिहार।

**विषय-** **निर्मित सामुदायिक शौचालय परिसर के Functional Assessment एवं परिचालन तथा रख-रखाव के सतत अनुश्रवण हेतु LSBA Insights App का उपयोग किए जाने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक आप अवगत हैं कि राज्य के सभी जिलों में बड़ी संख्या में सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण कराया गया है। निर्माणोपरान्त इनका परिचालन तथा रख-रखाव भी अत्यंत आवश्यक है। इस क्रम में सामुदायिक स्वच्छता परिसरों के सतत अनुश्रवण एवं Functional Assessment हेतु LSBA Insights App विकसित किया गया है, जिसे Google Play Store से डाउनलोड कर उपयोग में लाया जाना है।

स्पष्ट है कि सामुदायिक स्वच्छता परिसर के परिचालन एवं रख-रखाव हेतु किया जाने वाला अनुश्रवण एक सतत् प्रक्रिया होगी, जिसमें प्रत्येक सामुदायिक स्वच्छता परिसर का तीन महीनों के अंतराल पर दोबारा (पुन:) सर्वेक्षण किया जायेगा।

LSBA Insights App के उपयोग के पूर्व जिला स्तर पर सभी निर्मित सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का प्रखंडवार एवं माहवार रोस्टर तैयार कर लिया जाए। प्रखंडवार तैयार रोस्टर के अनुरूप संबंधित प्रखंड समन्वयक द्वारा अपने प्रखंड अंतर्गत निर्मित सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का भौतिक अनुश्रवण किया जायगा एवं जिसे LSBA Insights App में Entry किया जाना है। इस कार्य में यह सुनिश्चित किया जाए कि अधिकतम तीन महीने की अवधि में प्रखंड के सभी निर्मित सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का सर्वेक्षण कार्य (Functional Assessment) पूर्ण करा ली जाए तथा रोस्टर पूर्ण हो जाए। हर तीन महीने के बाद नए सिरे से प्रखंडवार रोस्टर के अनुरूप पुन: सभी सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का भौतिक अनुश्रवण तथा LSBA Insights App में Entry किया जाना है।

प्रखंड समन्वयकों द्वारा तय समयावधि में LSBA Insights App में Entry सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस गतिविधि को उनके वेतन से link किया जायेगा जिससे संबंधित प्रखंड समन्वयक द्वारा अपने सर्वेक्षण के लक्ष्य को पुरा नहीं किये जाने पर समानुपातिक वेतन की कटौती की जाएगी।

1/9/21

प्रखंड वार रोस्टर की प्रति विहित प्रपत्र में 05 सितम्बर, 2021 तक राज्य कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे तकि रोस्टर के अनुरूप माहवार सर्वेक्षण कार्य (Functional Assessment) 10 सितम्बर, 2021 से प्रारंभ किया जा सकें।

विश्वासभाजन,

01/09/21

**(राजीव कुमार सिंह)**

**ज्ञापांक :** BRLPS/LSBA/Proj/18/17/277 **दिनांक :** 01/09/2021

**प्रतिलिपि:** सभी जिला समन्वयक, जिला जल एवं स्वच्छता समिति बिहार को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ कार्यार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि:** सभी जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता समिति बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि:** सचिव, ग्रामीण विकास विभाग-सह-मिशन निदेशक को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

01/09/21

**(राजीव कुमार सिंह)**

# निर्मित सामुदायिक शौचालय परिसरों (CSC) के Functional Assessment का प्रपत्र

**जिला का नाम :-**

| क्रम सख्या | प्रखंड का नाम | कुल पूर्ण सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की सख्या | सितम्बर माह में सर्वेक्षण किये जाने वाले CSC की सख्या | अक्टूबर माह में सर्वेक्षण किये जाने वाले CSC की सख्या | नवम्बर माह में सर्वेक्षण किये जाने वाले CSC की सख्या | दिसम्बर माह में सर्वेक्षण किये जाने वाले CSC की सख्या | जनवरी माह में सर्वेक्षण किये जाने वाले CSC की सख्या | फरवरी माह में सर्वेक्षण किये जाने वाले CSC की सख्या | मार्च माह में सर्वेक्षण किये जाने वाले CSC की सख्या | पून: ........ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | |

हस्ताक्षर

**जिला समन्वयक**

हस्ताक्षर

**उप विकास आयुक्त**